क्षेत्रीय सर्वेक्षण ईकाई, बेंगलुरु (स्वास्थ्य सूचना क्षेत्रीय सर्वेक्षण इकाई)

1. स्थापना:

क्षेत्रीय सर्वेक्षण इकाई, बेंगलुरु की स्थापना 1981 में, स्वास्थ्य सूचना और मॉनिटरिंग प्रणाली को मजबूत करने के लिए की गई थी। इसका पर्यवेक्षण सांख्यिकीविद् द्वारा किया जाता था।

इस इकाई का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र में मौजूदा मुद्दों का अध्ययन करना और नीतिगत निर्णय लेने में अपेक्षित सहायता करना था।

2. संक्षेप में प्रकार्य:

वर्तमान समय में, केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो(सीबीएचआई) की क्षेत्रीय सर्वेक्षण इकाई, बेंगलुरु का नेतृत्व उप निदेशक द्वारा किया जा रहा है और उनकी सहायता के लिए कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी और अन्य लिपिकीय स्टाफ है। यह इकाई केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (सीबीएचआई) से जुडे निम्नलिखित क्रियाकलापों के लिए आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, लक्षद्वीप और पुडुचेरी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ समन्वय करती है, यथा:-

(i) संचारी और गैर-संचारी रोगों की मासिक रिपोर्टों, चिकित्सा पेशेवरों, परा-चिकित्सा पेशेवरों और स्वास्थ्य सुविधाओं की वार्षिक रिपोर्टों का संग्रहण;

(ii) स्वास्थ्य क्षेत्र-नीतिगत सुधार विकल्प डॉटाबेस(HS-PROD) के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचारों का संग्रहण;

(iii) केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो द्वारा चयनित विषयों पर राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के नमूना सर्वेक्षणों के आधार पर, संक्रियात्मक अनुसंधान अध्ययन करना;

(iv) केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण समय-सारणी के अनुसार आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उक्त राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के चिकित्सा और गैर-चिकित्सा कार्मिकों में स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन और आईसीडी-10 और आईसीएफ के बारे में जागरूकता पैदा करना;

(v) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (कर्नाटक/तमिलनाडु/तेलंगाना/आंध्र प्रदेश/केरल/लक्षद्वीप/ पुडुचेरी) के स्वास्थ्य प्राधिकरणों से केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (सीबीएचआई) द्वारा मांगी गई विभिन्न आवश्यक सूचनाएं हासिल करना;

(vi) केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संबंध में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (क्षेत्रीय सर्वेक्षण इकाई, बेंगलुरू को आबंटित) के साथ समन्वय करना;

(vii) क्षेत्रीय सर्वेक्षण इकाई, बेंगलुरू की ओर से विभिन्न बैठकों/कार्यशालाओं में भाग लेना, सूचना तैयार करना व प्रस्तुत करना;

(viii) एनएचआरआर जनगणना की मॉनिटरिंग;

(ix) चिकित्सा समुदाय को एफआईसी (आईसीडी-10, आईसीएफ) के बारे में जागरूक करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन करना;

(x) केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (सीबीएचआई) को संचारी रोगों(सीडी) और गैर-संचारी रोगों(एनसीडी) के डेटा प्रवाह को सुव्यवस्थित करने के लिए जिलों का मासिक दौरा करना।

3. क्षेत्रीय सर्वेक्षण ईकाई, बेंगलुरु का ऑरगैनोग्राम



4. क्षेत्रीय सर्वेक्षण इकाई(एफएसयू), बेंगलुरु में आयोजित विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण:

क्षेत्रीय सर्वेक्षण ईकाई, बेंगलुरु में हर वर्ष निम्नलिखित प्रकार के प्रशिक्षण दिये जाते हैं:

1. गैर-चिकित्सा कार्मिकों के लिए स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन (एचआईएम) - 2 बैच
2. गैर-चिकित्सा कार्मिकों के लिए फैमिली ऑफ इंटरनैश्नल क्लासिफिकेशन(एफआईसी) (आईसीडी और आईसीएफ) - 3 बैच
3. चिकित्सा अभिलेख एवं सूचना प्रबंधन (एमआर एवं आईएम) - 1 बैच
4. अधिकारियों के लिए स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन (एचआईएम- ओ) - 1 बैच

अधिकार-क्षेत्र: वर्तमान समय में, क्षेत्रीय सर्वेक्षण ईकाई, बेंगलुरु के अधिकार-क्षेत्र में पांच राज्य नामतः आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और दो संघ राज्य क्षेत्र, यथा लक्षद्वीप तथा पुडुचेरी आते हैं।

अवधि: 05 दिवस

प्रशिक्षण समय-सारणी:वित्तीय वर्ष के दौरान आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्व-निर्धारित होते है और इनकी तिथियाँ केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (सीबीएचआई) की वेबसाइट पर अग्रिम रूप से दी जाती हैं ।

बैच का साईज: 20 व्यक्ति प्रति बैच

पात्रता: अधिकांशत: स्थायी सरकारी चिकित्सा और गैर-चिकित्सा कर्मचारी

व्यय: प्रशिक्षण हेतु यात्रा भत्ते/मंहगाई भत्ते का वहन कतिपय शर्तों के अधीन केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो द्वारा किया जाता है।

5. क्षेत्रीय सर्वेक्षण ईकाई/प्रशिक्षण केन्द्र में एसआरडी और केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो के स्टाफ संबंधी संपर्क विवरण:

क्रम सं.	नाम	पदनाम	ईमेल आईडी	दूरभाष
1	डॉ. के.रवि कुमार	वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक	rhobng@nic.in	080-25537310/ 080-25537688
2	सुश्री शालिनी वी.के.	उप निदेशक	rhobng@nic.in	080-25537310/ 080-25537688
3	श्री एस. नन्दीश प्रसाद	कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी	rhobng@nic.in	080-25537310/ 080-25537688
4	श्री एस. चेलुवाराजू	ड्राईवर	rhobng@nic.in	080-25537310/ 080-25537688

6. **संपर्क जानकारी:**

क्षेत्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कार्यालय,
भारत सरकार,
दूसरा तल, ‘एफ’ स्कंध, केंद्रीय सदन,
कोरमंगला, बेंगलूरू - 560 034
दूरभाष : 080-25537310/080-25537688,
फैक्स : 080-25539249
ईमेल : rhobng@nic.in